15.03.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

प्रादेशिक समाचार

○ केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया – देश में क्रूड ऑयल का पर्याप्त भण्डार –पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति सामान्य चल रही है।

○ मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज डूंगरपुर में जनजाति इलाकों के लिए 1 हजार 900 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया।

○ प्रदेश में समर्थन मूल्य पर सरसों और चने की खरीद के लिए पंजीकरण 20 मार्च से शुरू होगा।

○ उत्तर भारत की प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैला देवी का वार्षिक मेला आज से शुरू – कई राज्यों से श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला जारी।

000

केन्द्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि देश में क्रूड ऑयल का पर्याप्त भण्डार है। पेट्रोल–डीजल की आपूर्ति सामान्य चल रही है। आज नई दिल्ली में पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रमों पर अंतर–मंत्रालयी प्रेस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देशभर में सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। उन्होंने बताया कि पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं और कहीं भी पेट्रोल की कमी की कोई खबर नहीं है। संयुक्त सचिव ने यह भी जानकारी दी कि डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड के माध्यम से की गई डिलीवरी पिछले महीने के 53 प्रतिशत से बढ़कर अब 72 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने कहा कि कालाबाजारी और जमाखोरी को रोकने के लिए निरीक्षण किए जा रहे हैं।

000

संयुक्त सचिव ने कहा कि सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाये रखे हुए है। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे घबराकर ईंधन की ज्यादा खरीद न करें क्योंकि इनका पर्याप्त स्टॉक मौजूद है।

प्रेस ब्रीफिंग में बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय में विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि एलपीजी वाहक पोत शिवालिक आज शाम तक पहुंच जाएगा। वहीं भारतीय पोत नंदा देवी कल पहुंचेगा। उन्होंने आगे बताया कि संयुक्त अरब अमीरात से रवाना हुआ भारतीय ध्वज वाला पोत जग लाडकी सुरक्षित रूप से भारत के रास्ते में है। वहीं विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि ईरान में मौजूद लगभग 550 भारतीय नागरिक जमीनी सीमा के रास्ते आर्मेनिया में प्रवेश कर गए हैं। श्री जायसवाल ने यह भी बताया कि कठिनाइयों के बावजूद भारतीय दूतावास पूरी तरह से कार्यरत है।

000

इस बीच प्रदेश में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग की रोकथाम के लिए प्रशासन लगातार कार्यवाही कर रहा है। बीकानेर जिला रसद विभाग ने एक संदिग्ध बाडे से 38 घरेलू गैस सिलेंडर, गैस रिफिलिंग मोटर तथा तोलन कांटा बरामद किया।

000

केन्द्र सरकार, स्टैंड अप इंडिया योजना के नए संस्करण का शुभारंभ करेगी ताकि देश में अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति और महिला उदयमियों को अधिक लाभ पहुंच सके। लोकसभा में आज प्रश्नकाल के दौरान पूरक प्रश्न के उत्तर में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि अप्रैल 2016 में शुरू हुई स्टेंड अप इंडिया योजना पिछले वर्ष मार्च में समाप्त हो गई। उन्होंने बताया कि इस योजना का नीति आयोग और अन्य विभाग ने

अध्ययन किया है तथा लाभार्थियों को ज्यादा लाभ प्रदान करने के लिए इसे फिर से तैयार किया जा रहा है।

000

देश में स्वरोजगार वर्ष 2017–18 के 52 प्रतिशत से बढ़कर 58 प्रतिशत हो गया है। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में बताया कि कहा कि देश की आर्थिक वृद्धि के साथ–साथ श्रमिकों की आय में भी वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि दिहाड़ी मजदूरों की औसत दैनिक मजदूरी 2017–18 के 295 रुपये से बढ़कर अब 418 रुपये हो गई है। श्री मांडविया ने कहा कि नए श्रम संहिता के अनुसार न्यूनतम मजदूरी निर्धारित की गई है और सभी राज्यों को इससे अधिक मजदूरी का भुगतान करना होगा।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज डूंगरपुर के बेणेश्वर धाम में राज्य स्तरीय राजस्थानी जनजातीय गौरव दिवस समारोह में 1 हजार 900 करोड़ रुपये की लागत से 326 विकास कार्यों का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं का लाभ डूंगरपुर, बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ जैसे जनजाति बहुल जिलों को मिलेगा। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान की प्रगति में जनजातीय समाज का योगदान बेहद अहम रहा है। सरकार जनजातीय क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी गंभीरता से काम कर रही है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने के लिए लगातार योजनाएं लागू की जा रही हैं ताकि इन क्षेत्रों के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक जिला एक पर्यटन योजना के तहत बेणेश्वर धाम को पर्यटन के बड़े केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा।

इसके लिए 130 करोड़ रुपये की योजना तैयार की गई है जिससे यहां आधारभूत सुविधाएं बेहतर होंगी और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

000

समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने मेधावी बालिकाओं को स्कूटी वितरित की। वहीं महिला स्वयं सहायता समूहों की लखपति दीदियों को टैबलेट और ऋण स्वीकृति पत्र भी प्रदान किए। उन्होंने कहा कि महिलाओं का आर्थिक सशक्तिकरण राज्य के विकास की मजबूत नींव है।

000

प्रदेश में रबी विपणन वर्ष 2026–27 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर सरसों और चने की खरीद के लिए पंजीकरण 20 मार्च से शुरू होगा। पंजीकृत किसानों से इन फसलों की खरीद 1 अप्रैल से प्रारम्भ की जाएगी। चने का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5 हजार 875 रुपये प्रति क्विंटल तथा सरसों का 6 हजार 200 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है। किसानों की सुविधा तथा खरीद से संबंधित किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए टोल–फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800–180–6001 भी उपलब्ध कराया गया है। जयपुर जिले में किसानों की सुविधा के लिए कुल 42 खरीद केन्द्र बनाए गए हैं, जहां सरसों और चने की खरीद की जाएगी।

000

आज राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस है। भारत का सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम विश्व की सबसे बड़ी जन स्वास्थ्य पहलों में से एक है, जो प्रतिवर्ष 2 करोड़ से अधिक शिशुओं और लगभग 3 करोड़ गर्भवती महिलाओं को 12 से अधिक जानलेवा बीमारियों के खिलाफ मुफ्त टीके उपलब्ध कराता है। इसमें बीसीजी, ओपीवी, पेंटावैलेंट, रोटावायरस, खसरा–रूबेला और सर्वाइकल कैंसर के लिए हाल ही में शुरू किया गया एचपीवी जैसे टीके शामिल हैं। प्रदेश में भी टीकाकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। वर्ष 2024–25 में यहां टीकाकरण का प्रतिशत 51 दशमलव 8 हो गया है। डीग में प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य अधिकारी डॉ धर्मवीर सिंह ने बताया कि नेशनल वैक्सीनेशन प्रोग्राम के तहत मुख्य रूप से गर्भवती महिलाओं और बच्चों के टीकाकरण पर जोर दिया जाता है।

0000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज नई दिल्ली में कई केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर प्रदेश के विकास से जुड़ी योजनाओं पर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार और बेहतर कनेक्टिविटी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बातचीत की। दिया कुमारी ने केन्द्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत के साथ बैठक कर राजस्थान में पर्यटन की अपार संभावनाओं और केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से भेंट कर प्रदेश में सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के प्रयासों पर विचार–विमर्श किया। वहीं केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के साथ उन्होंने प्रदेश के नागरिकों को बेहतर रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की। उपमुख्यमंत्री ने केन्द्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भी भेंट की।

000

उत्तर भारत की प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैला देवी मंदिर का वार्षिक मेला आज से शुरू हो गया है। प्रदेश सहित देश के कई राज्यों से हजारों श्रद्धालू माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि मेले में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन द्वारा व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। करीब 350 सुरक्षाकर्मी तैनात किये गये हैं। वहीं 200 अतिरिक्त सफाईकर्मी और 320 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोडवेज की 300 अतिरिक्त बसें चलाई जा रही हैं।   1 अप्रैल तक चलने वाले कैला देवी मेले में करीब 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। उधर पाली के देसूरी में सोनाणा गांव में कल से खेतला जी जूनी धाम का तीन दिवसीय मेला भरेगा। मेले में महाआरती के साथ–साथ गेर–नृत्य और भजन संध्या के आयोजन होगें।

000

प्रदेश में मौसम में आये बदलाव से कई हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है। कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की कमी आई है। फिलहाल राज्य के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस से आसपास बना हुआ है। इसी तरह रात का तापमान 15 से 20 डिग्री के बीच मापा जा रहा है। हालांकि फलौदी में बीती रात पारा 23 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार 18 से 21 मार्च के बीच राज्य के कई जिलों में मेघगर्जन, तेज हवाएं चलने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इससे तापमान में गिरावट दर्ज होने के भी आसार हैं।

000